चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Tribune | 21.02.23 | 3 | 2-5 |


# Dry weather, rising mercury may hit wheat yield: Experts

DEEPENDER DESWAL
TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, FEBRUARY 20
Extreme dry weather and high temperature hovering about 5 to 6 °C above normal in February are likely to have an adverse impact on the wheat production in Haryana this season, experts and farmers opined. Sources said similar conditions had prevailed last year, which resulted in over 10 per cent less yield than the target in the state.

Agriculture scientists say wheat and late-sown mustard crops, which are at the seed development stage, may suffer from reduced seed/grain size due to the high temperature. "Increased temperature is harmful to rabi crops, particularly wheat, which is at the stage of flag leaf to earhead emergence of plants," says an expert.

The IMD weather update said Hisar had recorded a maximum of 30.2°C, which was 5°C above average yesterday. The minimum temperature, too, was 13.2°C, which was also 3°C above normal. Significantly, there had been no rainfall in February in almost the entire state.

The Haryana Agriculture Department has set a target of a bumper production of 13.49 ...



A farmer works in a field in Hisar village. TRIBUNE PHOTO

**CROP WON'T BEAR HIGH TEMPERATURE**

I have a good wheat crop as of now, but the present high day temperature is continuing for about one week. Wheat plants will not be able to withstand similar conditions for long. I completely lost my mustard crop due to frost and extreme cold in December and January.

Ramphal Taak, FARMER

**VEGETABLES, FRUIT CROPS ALSO IMPACTED**

- Dr ML Khichar, head of the Agriculture Meteorological Department, Chaudhary Charan Singh Haryana Agriculture University, Hisar, said the increased temperature was harmful to rabi crops, particularly wheat and late-sown mustard. The increased temperature might cause reduced seed size.
- Vegetables and fruit crops were also impacted by high temperature and increased water demand.

... is approximately 2.5 lakh hectares more than 2021-22 (23 lakh hectares).

"High temperature can lead to shrivelled grain, which reduces the weight of the grain resulting in low yield per acre. Haryana had also ... cial. The experts also warn of yellow rust in wheat in certain areas in Haryana.

Dr ML Khichar, head of the Agriculture Meteorological Department, Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar, said the ... larly wheat and late-sown mustard, which is at seed development stage and the increased temperature may cause reduced seed size. The crop could attract aphid attack. Vegetables and fruit crops are also impacted by high temperature and increased water demand," Dr Khichar said. However, he said the late-night, early-morning fog and heavy dew during the last two days were signs of some relief. He suggested light irrigation for wheat.

A farmer, Ramphal Taak, said he had a good wheat crop as of now. "But the present high day temperature is continuing for about one week. Wheat plants will not be able to withstand similar conditions for long," said Taak. He said he had to irrigate the fields about one to two weeks in advance due to dry weather and high temperature. Taak said that he completely lost his mustard crop due to frost and extreme cold in December and January. Haryana has recorded a wheat yield of 10.44 million tonnes in 2021-22 against a target of 12.36 million tonnes, which was the lowest production since 2014-15 when the figure was 10.35 MT. According to offi...

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि भूमि | 21.02.23 | 9 | 3-6 |

## ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल विवि स्पोटर्स मीट शुरू

# फुटबॉल में सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई को हराया

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज मुख्य अतिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने मार्चपास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी खिलाड़ी प्रतिभागियों को खेलों को खेल भावना से खेलने की व नियम पालन करने की शपथ दिलाई गई। नेशनल फुटबॉलर युगविंदर व ज्योति ने मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। पहले दिन फुटबॉल में सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई को, बिहार यूनिवर्सिटी ने कोच्चि को, बीसी केवी मोहनपुर ने जी.बी पंथ यूनिवर्सिटी को तथा केएयू त्रिशुर ने एनयू लक्ष्मी को हराया। कबड्डी मुकाबलों में बांदा ने उदयपुर को, जूनागढ़ ने जबलपुर को, जोभनेर ने मेरठ को हराया। वालीबॉल में पंत नगर ने रांची को, फैजाबाद ने भुवनेश्वर को तथा बैंगलुरू ने बगलकोट को हराया। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में सिर्फ मैडल की संख्याओं को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है। खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं। डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने बताया कि खेल हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर अनुभव देते हैं।



हिसार। मार्च पास्ट की सलामी लेते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.02.23 | 2 | 1-4 |

• एचएयू ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-2023 का शुभारंभ

# कलाकारों ने गुजराती, पंजाबी, राजस्थानी व हरियाणवी वेशभूषा में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति





सिटी रिपोर्टर • चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 में 'वंदे मातरम', 'सारे जहां से अच्छा-हिंदुस्तां हमारा' व 'हिंदी है हम वतन है' के उद्घोष के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने की घोषणा करके झण्डा फहराकर गुब्बारे छोड़े।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी खिलाड़ी प्रतिभागियों को खेलों को खेल भावना से खेलने की व नियम पालन करने की शपथ दिलाई गई। नेशनल फुटबॉलर युगविंदर व ज्योति ने मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कलाकारों ने गुजराती गरबा, डांडिया, पंजाबी भंगड़ा, हरियाणवी व राजस्थानी लोक नृत्य कर गुजरात, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा की वेशभूषा व संस्कृति से रूबरू करवाया।

कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। खास बात यह थी कि कलाकारों ने अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को एक मंच पर लाकर अनेकता में एकता का संदेश दिया। यह सुंदर प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। गुजरात, राजस्थान, पंजाब व हरियाणा की वेशभूषा में सजे कलाकारों ने देशभक्ति की छटा बिखेर कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार की मुद्राओं की प्रस्तुति भी दी गई,जिसे देखकर लोग हतप्रभ रह गए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.02.23 | 3 | 3-4 |

# कबड्डी में बांदा ने उदयपुर को हराया



**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल के रोचक मुकाबले खेले गए। फुटबॉल में सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई और कबड्डी में बांदा ने उदयपुर को हराया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21-02-23 | 3 | 1-4 |

# स्पोर्ट्स मीट में 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी



21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स मीट में मार्च पास्ट की सलामी लेते कुलपति बीआर काम्बोज। -निस

हिसार, 20 फरवरी (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कुलपति बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नयी दिल्ली के उप-महानिदेशक आरसी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसमें देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कुलपति काम्बोज ने कहा कि खेलों में सिर्फ मेडल की संख्याओं को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है, बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21.02.23 | 5 | 5-8 |

# फुटबाल में सोलन यूनिवर्सिटी व कबड्डी में बांदा की टीम जीती

जागरण संवाददाता, हिसार: चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में सोमवार को 21वीं आल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 शुरू हुई। इसमें पहले दिन वालीबाल, कबड्डी, 1500 मीटर दौड़, फुटबाल सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुईं।

खिलाड़ियों में भी काफी जोश देखने को मिला और मुकाबले भी काफी रोचक थे। सोमवार को कबड्डी में बांदा ने उदयपुर को, जूनागढ़ ने जबलपुर को, जोभनेर ने मेरठ को हराया।

इसके अलावा वालीबाल में पंत नगर ने रांची को हराया। वहीं, फैजाबाद ने भुवनेश्वर को, बैंगलुरू ने बगलकोट को हराया। अब विजेता टीम अपनी अगले मैच की तैयारी में जुटी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डा. आरसी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के दो हजार चार सौ चौसठ से अधिक खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।




गिरी सेंटर मे कबड्डी मे भिड़ती बांदा व उदयपुर की टीम। • जागरण

## मेडिटेशन को सह पाठ्यक्रम में शामिल करने की योजना : अग्रवाल

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा. आरसी अग्रवाल ने बताया कि खेलो के साथ-साथ मेडिटेशन को सह पाठ्यक्रम मे शामिल करने के लिए आईसीएआर विशेष तौर से सभी कृषि विश्वविद्यालयों मे विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देने की योजना बना रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय मे उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं की प्रशंसा की व इसमे बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। एक अच्छे जीवन को जीने के लिए एक सामान्य व्यक्ति को अच्छे शरीर और दिमाग की जरूरत होती है जिनको खेल परिपूर्ण करने मे सक्षम है।

## यह रहे परिणाम

- फुटबाल मे सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई को हराया
- बिहार यूनिवर्सिटी ने कोच्चि को हराया।
- बीसी केवी मोहनपुर ने जीबी पंथ यूनिवर्सिटी को हराया
- केएयू त्रिशुर ने एनयू लक्ष्मी को हराया।

## खेल की भावना से खेलें : काम्बोज

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शुरुआत मे सभी खिलाड़ी प्रतिभागियों को खेलो को खेल भावना से खेलने की व नियम पालन करने की शपथ दिलाई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सच कहूं | 21-02-23 | 5 | 2-6 |


21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं: प्रो. कंबोज

हिसार (सच कहूं/सरदाना)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज मुख्यातिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने मार्चपास्ट की सलामी ली।



हिसार। मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बी.आर. कंबोज मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए

कुलपति प्रो. बी.आर कंबोज ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में सिर्फ मैडल की संख्याओं को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाए। खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं। खेल व व्यायाम हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण मूल्यों का संचार करते हैं जिनमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और बेहतर करने की इच्छा को बढ़ावा देना शामिल है। आज का युवा कल का लीडर होगा और समाज को आगे ले जाने का काम करेगा। इसलिए यह हमारा दायित्व बनता है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। खेलकूद हमारे जीवन को पूर्ण रूप से बेहतर व अच्छा स्वास्थ्य बनाने मे मदद करता है और युवाओं में एक साथ काम करने की इच्छा शक्ति को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। खेलों से जुड़े रहना स्वस्थ भारत की तरफ एक प्रमुख कदम है।

खेलों में भाग लेने से हमारे अंदर टीम भावना आ जाती है जिसके कारण हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने बताया कि खेल और व्यायाम हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर अनुभव देते हैं जिसमें एक साथ काम करना, शिष्टाचार, अच्छे चरित्र का निर्माण और मित्रता करने जैसी भावना विकसित होती है। कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी अधिकारियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21.02.23 | 4 | 1-4 |

# कबड्डी में जूनागढ़ ने जबलपुर और बांदा ने उदयपुर की टीम को हराया

## एचएयू में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट का हुआ शुभारंभ



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कबड्डी मैच में भाग लेते खिलाड़ी। संवाद



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विवि के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

सोमवार को कबड्डी में बांदा ने उदयपुर को, जूनागढ़ ने जबलपुर को, जोभनेर ने मेरठ को हराया। वालीबाल में पंत नगर ने रांची को, फैजाबाद ने भुवनेश्वर को, बंगलूरू ने बगलकोट को हरा अगले राउंड में प्रवेश किया।

वहीं, फुटबाल में सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई को हराया। बिहार यूनिवर्सिटी ने कोच्चि को हराया। बीसी केवी मोहनपुर ने जीबी पंथ यूनिवर्सिटी को हराया। इसी प्रकार केएयू त्रिशुर ने एनयू लक्ष्मी को हराया। स्पर्धा 24 फरवरी तक चलेगी।

विशिष्ट अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आरसी अग्रवाल पहुंचे। इस प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने मार्चपास्ट की सलामी ली।

डॉ. आरसी अग्रवाल ने बताया कि खेल और व्यायाम हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर अनुभव देते हैं। कलाकारों ने अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को एक मंच पर लाकर अनेकता में एकता का संदेश दिया। नेशनल फुटबॉलर युगविंदर व ज्योति ने मशाल जलाई।

### हमारी क्षमताओं को निखारते हैं खेल : बीआर कांबोज

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा कि खेलों में सिर्फ मेडल की संख्याओं को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है, बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाए। खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं। खेल और व्यायाम हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण मूल्यों का संचार करते हैं। जिनमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और बेहतर करने की इच्छा को बढ़ावा देना शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 21.02.2023 | -------- | --------- |


# खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं: प्रो. बी.आर. काम्बोज



हिसार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्टस एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज मुख्य अतिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने मार्चपास्ट की सलामी ली।

कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में सिर्फ मैडल की संख्याओं को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने बताया कि खेल और व्यायाम हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर

**21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्टस एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ**

अनुभव देते हैं जिसमें एक साथ काम करना, शिष्टाचार, अच्छे चरित्र का निर्माण और मित्रता करने जैसी भावना विकसित होती है।

कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी अधिकारियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 20.02.2023 | -------- | --------- |

## हिसार : खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारने में सहायक : प्रो. कम्बोज

20 Feb 2023 18:24:42



एचएयू में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट प्रतियोगिता शुरू

हिसार, 20 फरवरी (हि.स.)। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आरसी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि खेलों में सिर्फ मेडलों की संख्या बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है, जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाएं। यह हमारा दायित्व बनता है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आरसी अग्रवाल ने कहा कि खेल और व्यायाम हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर अनुभव देते हैं जिससे एक साथ काम करना, शिष्टाचार, अच्छे चरित्र का निर्माण और मित्रता करने जैसी भावना विकसित होती है। जो विद्यार्थी खेलों के साथ सुचारू रूप से जुड़े रहते हैं, वे किसी भी व्यसन व बुरी आदतों में नहीं पड़ते व उनकी कार्यशैली व जीवनशैली बेहतर रहती है। खेलों के साथ-साथ मेडिटेशन को भी पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए आईसीएआर विशेष तौर से सभी कृषि विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देने की योजना बना रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं की प्रशंसा की और इनमें बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/सुमन



20 Feb 2

ओल्ड पेंश



20 Feb 2

गुरुग्राम:



20 Feb 2

हिसार :

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 20.02.2023 | -------- | --------- |

## हिसार : गेम्स मीट के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी अनेकता में एकता की झलक

20 Feb 2023 19:02:12











20 Feb

ओलंपिक



20 Feb

गुरुग्राम



20 Feb

हिसार :

कलाकारों ने गुजराती, पंजाबी, राजस्थानी व हरियाणवी वेशभूषा में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हिसार, 20 फरवरी (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 में वंदे मातरम, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा व हिंदी हैं हम वतन है के उद्घोष के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करने की घोषणा करके झंडा फहराकर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी खिलाड़ी प्रतिभागियों को खेलों की भावना से खेलने की व नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। मेधावी कुलदीप, युधिष्ठिर व ज्योति ने मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कलाकारों ने गुजराती गरबा, डांडिया, पंजाबी भंगड़ा, हरियाणवी व राजस्थानी लोक नृत्य कर गुजरात, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा की वेशभूषा व संस्कृति से रूबरू करवाया। खास बात यह थी कि कलाकारों ने अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को एक मंच पर लाकर अनेकता में एकता का संदेश दिया। यह सुंदर प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। गुजरात, राजस्थान, पंजाब व हरियाणा की वेशभूषा में सजे कलाकारों ने देशभक्ति की छटा बिखेर कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में [illegible] की प्रस्तुति दी।

हिन्दुस्थान समाचार / [illegible]

| | |
|---|---|
| | # चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 20.02.2023 | ------- | -------- |

# खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं : कुलपति

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार, 20 फरवरी।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज मुख्य अतिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने मार्चपास्ट की सलामी ली। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में सिर्फ मैडल की संख्याओं को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाए। खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं। खेल व व्यायाम हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण मूल्यों का संचार करते हैं जिनमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और बेहतर करने की इच्छा




को बढ़ावा देना शामिल है। आज का युवा कल का लीडर होगा और समाज को आगे ले जाने का काम करेगा। इसलिए यह हमारा दायित्व बनता है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। खेलकूद हमारे जीवन को पूर्ण रूप से बेहतर व अच्छा स्वास्थ्य बनाने में मदद करता है और युवाओं में एक साथ काम करने की इच्छा शक्ति को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। खेलों से जुड़े रहना स्वस्थ भारत की तरफ एक प्रमुख कदम है। खेलों में भाग लेने से हमारे अंदर टीम भावना आ जाती है जिसके कारण हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने बताया कि खेल और व्यायाम हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर अनुभव देते हैं जिसमें एक साथ काम करना, शिष्टाचार, अच्छे चरित्र का निर्माण और मिलजुल करने जैसी भावना विकसित होती है। जो विद्यार्थी खेलों के साथ मुख्य रूप से जुड़े रहते हैं वे किसी भी व्यसन व बुरी आदतों में नहीं पड़ते व उनकी कार्यशैली व जीवनशैली बेहतर रहती है। खेलों के साथ-साथ मेडिटेशन को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए आईसीएआर विशेष तौर से सभी कृषि विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देने की योजना बना रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं की प्रशंसा की व इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। एक अच्छे जीवन को जीने के लिए एक सामान्य व्यक्ति को अच्छे शरीर और दिमाग की जरूरत होती है जिनको खेलकूद परिपूर्ण करने में सक्षम है। शारीरिक मेहनत करने से शरीर में रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जो स्वस्थ हृदय, मधुमेह को रोकना, कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करना, खून का सही प्रसार और तनाव को कम करने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि खेलकूद हमें जीवन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए शक्ति प्रदान करता है। इसलिए उन्होंने सभी लोगों को अपने व्यस्त जीवन में से हर रोज कम से कम 30 मिनट शारीरिक व्यायाम के लिए प्रेरित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 20.02.2023 | ------- | --------- |

# जलवायु परिवर्तन से कृषि के साथ आम-आदमी भी प्रभावित : प्रो. काम्बोज


## जर्मनी के वैज्ञानिक डॉ. मेनफर्ड ने कहा कि कृषि शोध को लेकर दूरदर्शी विजन बनाने की जरूरत है



पाठकपक्ष न्यूज़

हिसार, 20 फरवरी : [illegible]

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : हकृवि में आयोजित कल्चरल ईव में विदेशी मेहमानों ने देशी गानों पर लगाए ठुमके



[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 20.02.2023 | -------- | --------- |

## ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट प्रतियोगिता का शुभारंभ



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोटर्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज मुख्य अतिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के शिक्षण संस्थानों की लगभग 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। मुख्यातिथि ने मार्चपास्ट की सलामी ली। कुलपति ने कहा कि खेलों में सिर्फ मैडल की संख्याओं को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाए। खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं। खेल व व्यायाम हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण मूल्यों का संचार करते हैं जिनमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और बेहतर करने की इच्छा को बढ़ावा देना शामिल है। खेलकूद हमारे जीवन को पूर्ण रूप से बेहतर व अच्छा स्वास्थ्य बनाने में मदद करता है और युवाओं में एक साथ काम करने की इच्छा शक्ति को बढ़ाता है। डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने बताया कि खेल और व्यायाम हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर अनुभव देते है जिसमें एक साथ काम करना, शिष्टाचार, अच्छे चरित्र का निर्माण और मित्रता करने जैसी भावना विकसित होती है। कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी अधिकारियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.02.23 | 5 | 1-8 |

शुभारंभ • एचएयू में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट शुरू, देशभर से 65 टीमों के 2464 से अधिक ले रहे हिस्सा

# फुटबॉल में सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई और कबड्डी में बांदा ने उदयपुर को हराया

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट 2022-23 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। एचएयू के वीसी प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आरसी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पहले दिन कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल के रोचक मुकाबले खेले गए। फुटबॉल में सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई और कबड्डी में बांदा ने उदयपुर को हराया। गेम्स मीट को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी रही। प्रतियोगिता में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों की करीब 65 टीमों के 2464 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट प्रतियोगिता के दौरान बैठे मुख्य अतिथि वीसी प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य अधिकारीगण।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज स्पोर्ट्स एंड गेम्स मीट प्रतियोगिता में बास्केटबॉल में गोल करने का प्रयास करता खिलाड़ी।

### पहले दिन खेल मुकाबलों के ये रहे परिणाम

**फुटबॉल**

- फुटबॉल में सोलन यूनिवर्सिटी ने मुंबई को हराया।
- बिहार यूनिवर्सिटी ने कोचिन को हराया।
- [illegible] ने जोबी पंत यूनिवर्सिटी को हराया।

**कबड्डी**

- कबड्डी में बांदा ने उदयपुर को, जूनागढ़ ने जबलपुर को, जोधपुर ने मेरठ को हराया।

**वॉलीबॉल**

- वॉलीबॉल में पंतनगर ने रांची को, फैजाबाद ने भुवनेश्वर को, बीकानेर ने [illegible] को हराया।

## मेडलों की संख्या बढ़ाना ही नहीं, बल्कि खेलों को जिंदगी का अहम हिस्सा बनाना लक्ष्य : प्रो. कॉम्बोज



प्रतियोगिता के शुभारंभ पर एचएयू के वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि खेलों में सिर्फ मेडल की संख्या को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है बल्कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहां खेल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन जाए। खेल हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को निखारते हैं। खेल व व्यायाम हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण गुणों का संचार करते हैं जिनमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और बेहतर करने की इच्छा को बढ़ावा देना शामिल है। आज का युग खेल का स्वर्णिम होगा और विकास को आगे ले जाने का काम करेगा। इसलिए यह हमारा दायित्व बनता है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आरसी अग्रवाल ने बताया कि खेल और व्यायाम हमारे सामाजिक जीवन में बेहतर अनुभव देते हैं जिसमें एक साथ काम करना, लीडरशिप, अच्छे चरित्र का निर्माण और विकास करने जैसे भावना विकसित होती है। एक अच्छे जीवन को जीने के लिए एक सामान्य व्यक्ति को अच्छे शरीर और दिमाग की जरूरत होती है जिसको खेलकूद परिपूर्ण करने में सक्षम है। शारीरिक मेहनत करने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जो हृदय, [illegible] को रोकना, कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करना, खून का सही प्रवाह और तनाव को कम करने में मदद करते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी अधिकारियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया। डॉ. सुशील लेगा और मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता की दो दिन खेलों में मुकाबले होंगे